खटकड़ टोल प्लाजा पर कार से 146 किलोग्राम चूरापोस्त बरामद, दो काबू

राजस्थान से तस्करी कर पंजाब ले जाया जा रहा था चूरा पोस्त

जगमार्ग न्यूज

जींद। एसटीएफ ने खटकड़ टोल प्लाजा पर कार से 146 किलोग्राम चूरापोस्त बरामद कर दो लोगों को काबू किया है। चूरापोस्त को राजस्थान से तस्करी कर पंजाब ले जाया जा रहा था। उचाना थाना पुलिस ने पकड़े गए दोनों लोगों के खिलाफ नशीले पदार्थ निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है। एसटीएफ यूनिट अंबाला खटकड़ टोल प्लाजा पर मौजूद थी। उसी दौरान उन्हें सूचना मिली कि राजस्थान की तरफ से कार मे चूरापोस्त को तस्करी कर पंजाब की तरफ ले जाया जा रहा है। जिसके आधार टीम ने खटकड़ टोल प्लाजा पर निगरानी को बढ़ा दिया। कुछ समय के बाद जींद के तरफ से एक कार टोल प्लाजा पर पहुंची। पुलिसकर्मियों ने कार को रूकवा कर उसकी तलाशी तो उसमें पीछली सीट पर चार कट्टे रखे दिखाई दिए। जांचने पर कट्टों में चूरा पोस्त भरा पाया गया। जिस पर पुलिस कार मे सवार लोगों को काबू कर लिया। पुलिस पूछताछ में कार सवार लोगों की पहचान गांव रत्नहेड़ी जिला पटियाला निवासी इक्बाल तथा गांव सोधेवाल निवासी कर्णजीत के रूप में हुई। पुलिस पूछताछ में आरोपितो ने बताया कि वे चूरा पोस्त को राजस्थान से तस्करी कर पंजाब ले जा रहे हैं। उचाना थाना पुलिस ने एसटीएफ टीम का नेतृत्व कर रहे कर्मी की शिकायत पर इक्बाल तथा कर्णजीत के खिलाफ नशीले पदार्थ निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है। उचाना थाना के जांच अधिकारी पवन कुमार ने बताया कि आरोपित राजस्थान से चूरा पोस्त का तस्करी कर पंजाब ले जा रहे थे। नशे की तस्करी में कौन-कौन लोग शामिल हैं ओर नेटवर्क से कौन-कौन लोग शामिल हैं। इसके बारे मे पूछताछ की जा रही है।

➪ तस्करों के खिलाफ पुलिस ने दर्ज किया मामला

थर्मल कॉलोनी के निर्माण में घटिया सामग्री के इस्तेमाल का आरोप

मतलौडा। ऑल हरियाणा पावर कॉरपोरेशन वर्कर यूनियन हेड ऑफिस हिसार के पानीपत थर्मल स्थित कार्यालय में थर्मल कॉलोनी में किए जा रहे विकास कार्यों में हो रही धांधली के बारे में बैठक कर विचार विमर्श किया गया। वरिष्ठ उप-प्रधान सतीश पांचाल ने बताया कि पानीपत थर्मल कॉलोनी में सिविल विभाग के द्वारा विकास कार्य कराए जा रहे हैं। जिनमें बड़े स्तर पर धांधलेबाजी की जा रही है इन कार्यों में जो ईंटों अन्य इस्तेमाल की जा रही है सामग्री बिल्कुल घटिया स्तर की है। इस बारे में कई बार सिविल विभाग के एक्सईएन को मिलकर भी अवगत कराया जा चुका है लेकिन उन्होंने इस बारे में कोई कार्रवाई नहीं की। जिससे यूनियन को ऐसा प्रतीत होता है कि कहीं ना कहीं सिविल विभाग के उच्च अधिकारियों की सभी धांधलेबाजी में मिलीभगत है। बैठक में निर्णय लिया गया की जल्दी ही इन सभी सभी विकास कार्यों के कागजात इकट्ठा कर इसकी शिकायत उच्च अधिकारियों से की जाएगी।

नकाबपोश बदमाशों ने मारपीट कर मोबाइल व बाइक छीनी

पानीपत। रिफाइनरी से बाइक पर सवार होकर घर लौट रहे एक चालक को नकाबपोश बदमाशों ने पिस्तौल के बल पर मोबाइल व बाइक छीन ली। बदमाशों ने चालक के सामने बाइक अड़ाकर वारदात को अंजाम दिया। बदमाश सामने से दूसरी बाइकों की आवाज सुनकर मोबाइल व चालक की बाइक लेकर फरार हो गए। मामले की शिकायत थाना समालखा में दी गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार मांडी गांव निवासी मंगत सुपुत्र माईचंद रिफाइनरी की एक कंपनी में चालक की नौकरी करता है। शनिवार रात के करीब 10 बजे वह ड्यूटी देकर अपनी बाइक से घर लौट रहा है। नारायणा के पास उसके पीछे एक बाइक उसके पीछे लग गई। जैसे ही वह टिटाना के पास गुगा मेड़ी मंदिर के पास पहुंचा तो पीछे से आ रही बाइक उसके ठीक सामने आकर रूक गई। जब तक मंगल संभल पाता तब तक बाइक से तीन नकाबपोश बदमाशों ने उसके दोनों हाथ पकड़ लिए और सिर पर पिस्तौल अड़ाकर सब कुछ निकालने की धमकी दी। बदमाशों ने जैसे ही उसे बाइक से नीचे गिराया। सामने से बाइकों की लाइट लगने से बदमाश मंगत का मोबाइल और सप्लेंडर मोटरसाइकिल छीनकर फरार हो गए। मंगत ने घटना की सूचना थाना में पहुंचकर पुलिस को दी।

निजी वाहन चालक डाल रहे जोखिम में यात्रियों की जान

इसराना (जगमार्ग न्यूज)। निजी सवारी वाहनों के चालक यात्रियों की जान जोखिम में डाल कर यात्रा करवा रहे हैं। सवारियों को वाहनों को छत पर बैठा कर व पायदान पर लटका कर ढोया जा रहा है। इस मामले में स्वयं सवारियां भी लापरवाही कर रही हैं। इस मामले में पुलिस भी अनदेखी कर रही है। इसका मुख्य कारण सिवाह नया बस स्टैंड बनना व रोडवेज बसों का पुराने बस स्टैंड पानीपत ना जाना भी माना जा रहा है। बता दे कि इसराना से पानीपत रूटों पर नया बस स्टैंड सिवाह बनाया गया है, लेकिन छात्रों को शिक्षक संस्थान, पुराना बस स्टैंड व बजारों मे जाने के लिए निजी वाहनों मे जाने पर मजबूर होना पड़ता है। इसराना उपमंडल के कई ग्रामीण रूटों पर रोडवेज की बसों की सुविधा नहीं है। कुछ रूटों पर बसों की सुविधा कम है। इससे इन रूटों पर निजी सवारी वाहनों द्वारा यात्री ढोने का काम किया जा रहा है। निजी वाहनों के चालक यात्रियों की मजबूरी का खूब फायदा उठा रहे हैं।

पूर्ण मूर्ति कैंपस अब पंजाब में एयरोस्पेस व एयरोनॉटिकल इंजीनियरिंग कोर्स शुरू करने में देगी तकनीकी मदद : डॉ. नैन

पूर्ण मूर्ति कैंपस के बुनियादी ढांचे व सुविधाओं को देखकर उत्साहित हुए अकादमिक विशेषज्ञ

जगमार्ग न्यूज

सोनीपत। पंजाब एयरक्राफ्ट मेंटेनेंस इंजीनियरिंग कॉलेज पटियाला के एक प्रतिनिधिमंडल ने सोनीपत के कामी रोड स्थित पूर्ण मूर्ति कैंपस का दौरा किया और खास तौर पर विमानन सुविधाओं का अवलोकन किया । इस दौरान दोनों संस्थानों के अकादमिक विशेषज्ञों की बैठक में विमानन शिक्षा और प्रशिक्षण को आगे बढ़ाने में दोनों संस्थानों के बीच सहयोग को बढ़ावा देने पर विचार विमर्श किया गया । इस संबंध में पूर्ण मूर्ति कैंपस के चेयरमैन डा. विजयपाल नैन ने कहा कि उन्होंने पंजाब से आये विशेषज्ञों को वहां एयरोस्पेस व एयरोनॉटिकल इंजीनियरिंग जैसे कोर्स शुरू करने में तकनीकी मदद देने का पूरा भरोसा दिलाया है। इस अवसर पर पंजाब

एयरक्राफ्ट मेंटेनेंस इंजीनियरिंग कॉलेज के प्राचार्य प्रो.राजेश शर्मा व विभागाध्यक्ष प्रो. पियारा सिंह रंधावा विशेष रूप से मौजूद रहे। इस संबंध में पूर्ण मूर्ति कैंपस के चेयरमैन डा. विजयपाल नैन ने बताया कि उनके संस्थान में एआईसीटीई से मान्यता प्राप्त बीटेक एएमई पाठ्यक्रम चलाया जा रहा है। इसके साथ ही एयरोस्पेस और एयरोनॉटिकल इंजीनियरिंग का कोर्स भी सफलतापूर्वक चलाया जा रहा है । पंजाब से पहुंचे अकादमिक विशेषज्ञों ने संबंधित विभाग का जायजा लिया व कैंपस के बुनियादी ढांचे व सुविधाओं को देखकर उत्साहित हुए । डा.विजयपाल नैन ने बताया कि पंजाब से पहुंचे अकादमिक विशेषज्ञों के आने का प्राथमिक उद्देश्य बीटेक एएमई कार्यक्रम के संचालन, उन्नति और प्रसार में दोनों संस्थानों के बीच आपसी सहयोग बढ़ाना है । साथ ही विमानन क्षेत्र में पूर्ण मूर्ति कैंपस की सफलता से प्रोत्साहित होकर पंजाब राज्य में भी इन पाठ्यक्रमों को शुरू करना है।

पूर्ण मूर्ति कैंपस में पहले से ही एएमई के साथ एयरोस्पेस और एयरोनॉटिकल इंजीनियरिंग का कोर्स चल रहा है। अगर पंजाब सरकार अपने प्रदेश में भी इन विमानन कार्यक्रमों को शुरू करने के लिए आगे बढ़ती है तो उनका संस्थान ऐसे संस्थानों को हरसंभव तकनीकी मदद मुहैया करवाएगा ।

आर्य कॉलेज की दिव्या ने जीता 1600 रुपए का नगद पुरस्कार

पानीपत(जगमार्ग न्यूज)। अग्रकुल संस्था, करनाल द्वारा गुरुनानक खालसा कॉलेज करनाल में राज्यस्तरीय भाषण प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। जिसमें राज्य आर्य कॉलेज की छात्रा दिव्या ने शानदार प्रदर्शन 1600 रुपए का नकद पुरस्कार जीतकर कॉलेज नाम रोशन किया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. जगदीश गुप्ता ने दिव्या का कॉलेज प्रांगण में पहुँचने स्वागत कर उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी। डॉण् गुप्ता ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं से विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने के लिए मंच तो मिलता ही है साथ ही उन्हें नया सीखने के साथ-साथ और अच्छा करने की प्रेरणा भी मिलती है। आर्य कॉलेज के पूर्व विद्यार्थी यतिन ने राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित युवा पार्लियामेंट में पहला स्थान हासिल किया।

पंजाबी गायक गुरनाम भुल्लर ने गीता यूनिवर्सिटी में मचाया धमाल

जगमार्ग न्यूज

इसराना। गीता यूनिवर्सिटी नौल्था में वार्षिक उत्सव संगरिला 2024 के दूसरे दिन पंजाबी गायक एंव एक्टर गुरनाम भूल्लर ने एक के बाद एक हिट गाने गाकर छात्रों को झूमने पर मजबूर कर दिया। विभिन्न शिक्षण संस्थानों से आए छात्रों व अतिथियों ने पंजाबी गानो पर भंगड़ा पाया। इससे पूर्व छात्रों ने फैशन शौ सहित विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम का शुभारंभ गीता यूनिवर्सिटी के चांसलर एस पी बंसल, चेयरपर्सन गीता बंसल, प्रो चांसलर निशांत बंसल, मानवी बंसल, अंकुश बंसल, नेहा बंसल, कुलपति डा विकास सिंह व पीवीसी डॉ गुलशन चौहान ने दीप प्रज्वलित कर किया। भुल्लर ने जट ईक नंबर, तेरे आली गल्ल किथे, रोका, डायमंड, जट्ट जमींदार, व्याह के ले जा सहित अन्य पंजाबी गानो से दर्शकों को थिरकने पर मजबूर कर दिया। कुड़िया नाल पटोले, मैं ब्याह नी करोणा तेरे नाल, सोरेयां द पिंड समेत अनेक लाइव प्रफोमेंस दी। भुल्लर ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। चांसलर एसपी ने छात्रों को अपनी सभ्यता और संस्कृति का मान बढ़ाने का आह्वान किया।

आदर्श आचार संहिता का पालन करें : वीरेंद्र कुमार दहिया

पानीपत(जगमार्ग न्यूज)। डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी वीरेंद्र कुमार दहिया ने कहा कि भारतीय निर्वाचन आयोग द्वारा शनिवार को आम चुनाव 2024 की घोषणा करते ही आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गई है। लोकतंत्र के इस महापर्व में भारतीय चुनाव आयोग द्वारा तय की गई नियमावली के अनुसार चुनावी प्रक्रिया में भागीदार बनें और देश के लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करें। डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि प्रशासन द्वारा पूरी चुनावी प्रक्रिया निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से पूरी की जाएगी। इसके लिए नियमानुसार चरणबद्ध तरीके से तैयारी की जा रही है। निर्वाचन प्रक्रिया से संबंधित और आदर्श आचार संहिता की विस्तृत जानकारी भारतीय निर्वाचन आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं।

विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में खेलों का है विशेष महत्व : मलिक

जगमार्ग न्यूज

सोनीपत। सोनीपत के सहायक शिक्षा अधिकारी खेल (एईओ स्पोर्ट्स) जगवीर मलिक ने कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में खेलों का विशेष महत्व है। छात्र-छात्राओं को भी खेलों का महत्व समझकर स्कूली स्तर से ही तैयारियां शुरू करनी चाहिए । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी जमीनी स्तर के एथलीटों को एक मंच प्रदान करने तथा संपूर्ण भारत में खेल के बुनियादी ढांचे का निर्माण करने के लिये खेलो इंडिया शुरू किया था, जिसके परिणामस्वरूप भारत एक खेल राष्ट्र में परिवर्तित हो रहा है। व्यापक स्तर पर भागीदारी और खेलों में उत्कृष्टता बढ़ाने के दोहरे उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए सरकार पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सोनीपत जिले में भी स्कूली स्तर पर खिलाड़ियों को हर संभव सुविधाएं मुहैया करवाने का पूरा प्रयास करेंगे। वे देवडू बाईपास पर नेशनल स्पोर्ट्स क्लब के क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में खिलाड़ियों, कोच व अभिभावकों को संबोधित कर रहे थे। नेशनल स्पोर्ट्स क्लब के चेयरमैन प्रदीप शर्मा व क्रिकेट कोच रविंद्र मलिक के नेतृत्व में एईओ स्पोर्ट्स जगवीर मलिक का नागरिक अभिनंदन किया गया।

चार दिवसीय रत्नावली युवा सांग महोत्सव का रंगारंग आगाज

जो युवा अपनी संस्कृति से जुड़ा रहेगा केवल उसी का भविष्य सुरक्षित होगा : डॉ. पूनिया

जगमार्ग न्यूज

पानीपत। एसडी पीजी कॉलेज पानीपत में युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग कुरुक्षेत्र विश्वविधालय कुरुक्षेत्र द्वारा प्रायोजित चार दिवसीय 9वें रत्नावली युवा सांग महोत्सव का रंगारंग आगाज हुआ। युवा सांग महोत्सव का उदघाटन मुख्य अतिथि डॉ.महा सिंह पूनिया निदेशक युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग कुरुक्षेत्र विश्वविधालय कुरुक्षेत्र ने किया। श्रवण मित्तल वाईस.चेयरमैन एपीट एसडी इंडिया वीरेंद्र शर्मा चेयरमैन और संपादक सुनील झा अति विशिष्ट उपस्थिति में मौजूद रहे। माननीय मेहमानों का स्वागत कॉलेज प्रधान दिनेश गोयलए उप.प्रधान राजीव गर्ग। कोषाध्यक्ष विशाल गोयल और प्राचार्य डॉ. अनुपम अरोड़ा ने पौधा रोपित गमलें भेंट करके किया। 18 से 21 मार्च तक चलने वाले इस चार दिवसीय सांग

महोत्सव में प्रत्येक दिन एक सांग पेश किया जाएगा। कार्यक्रम की शुरुआत में नीरज और प्रदीप के शिव स्तुति नृत्य से हुई जिसने सभी दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। तत्पश्चात शीतल ने नृत्य पेश किया। आज बारी आरके एसडी कॉलेज कैथल की रही जिसके कलाकारों ने 'सत्यवान सावित्री' सांग का मार्मिक एवं अविस्मर्णीय प्रदर्शन किया। सत्यवान की भूमिका कमल ने, सावित्री की पूर्णिमा ने, यमराज की मिशांत ने, नारद की मनीत सिंह ने और सावित्री की सहेलियों की भूमिका सपना, जन्नत शर्मा, ऋतु और ज्योति सैनी ने अदा की। हारमोनियम अनिल भारती एवं गुरनाम सिंहए ढोलक अजय कुमारा और नगाड़ा संदीप साजिंदों ने बजाया।नृत्य डायरेक्टर शिवम् अशोक सिंह रहे और पूरा सांग डॉ राजीव शर्मा हिंदी विभाग आरकेएसडी कॉलेज कैथल की देख.रेख में तैयार किया गया। विदित रहे कि करनाल जोन के इस रत्नावली युवा सांग महोत्सव आयोजित करने का जिम्मा इस बार एसडी कॉलेज को मिला है।

चुनाव

वाहनों के संचालन की अनुमति नगराधीश सोनीपत की तरफ से प्रदान की जाएगी

आदर्श आचार संहिता के मद्देनजर अधिकारियों की लगाई ड्यूटी

➪ वाहनों और सार्वजनिक रैलियों आदि में लाउड स्पीकर के उपयोग की अनुमति संबंधित एसडीएम से मिलेगी

जगमार्ग न्यूज

सोनीपत। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. मनोज कुमार ने आदेश जारी करते हुए जिला में आदर्श आचार संहिता का सख्ती से पालना सुनिश्चित करवाने के साथ-साथ चुनाव को निष्पक्ष, स्वतंत्र एवं शांतिपूर्ण संपन्न करवाने के लिए विभिन्न अधिकारियों की ड्यूटी लगाई है। उन्होंने अपने आदेशों में कहा कि जिला में चुनाव प्रचार के दौरान और मतदान के दिन राजनीतिक दलों और चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों के वाहनों के संचालन की अनुमति नगराधीश सोनीपत की तरफ से प्रदान की जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया के दौरान राजनीतिक दलों और चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों के वाहनों और सार्वजनिक रैलियों आदि में लाउड स्पीकर की उपयोग की अनुमति संबंधित एसडीएम द्वारा प्रदान की जाएगी। चुनाव प्रक्रिया के दौरान सार्वजनिक बैठकों व रैलियों के लिए संबंधित क्षेत्र के एसडीएम द्वारा अनुमति प्रदान की जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि शहरी क्षेत्रों में होर्डिंग, पोस्टर के प्रकाशन की अनुमति नगर निगम क्षेत्र में नगर निगम के सयुक्त आयुक्त तथा गोहाना नगर परिषद, खरखौदा, गन्नौर तथा कुण्डली नगर पालिका क्षेत्र में संबंधित नगर परिषद व पालिका सचिव द्वारा प्रदान की जाएगी। इसके साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में होर्डिंग व पोस्टर के प्रकाशन की अनुमति संबंधित क्षेत्र के बीडीपीओ द्वारा प्रदान की जाएगी। चुनाव लड़ने वाला उम्मीदवार वाहन के लिए अनुमति लेता है तो अनुमति पत्र की मूल प्रति को ही वह अपने वाहन के शीशे पर चिपकाना सुनिश्चित करें। अनुमति पत्र की फोटो कॉपी को उपयोग करने की अनुमति प्रदान नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि वाहनों, होर्डिंग, पोस्टर, सार्वजनिक बैठक, रैलियां आदि के संचालन की अनुमति चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों, उनके चुनाव एजेंटों या राजनीतिक दलों के जिलाध्यक्ष व सचिवों के आवेदन पर ही दी जाएगी। उन्होंने कहा कि अनुमति लेने के बाद संबंधित राजनीतिक दल या उम्मीदवार लाउड स्पीकर का प्रयोग सुबह 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक ही कर सकता है।

मतदान से 48 घंटे पहले शराब बेचने व परोसने पर लगेगी पाबंदी

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. मनोज कुमार ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से सफलतापूर्वक सम्पन्न करवाने के उद्देश्य से मतदान के 48 घंटे पूर्व ही मतदान क्षेत्र में ड्राई-डे घोषित किया जाएगा। इस दौरान शराब बेचने व परोसने पर पूर्ण पाबंदी रहेगी। उल्लंघन करने वाले व्यक्ति के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जाएगी। जिला में होटल, रेस्तरां, क्लब, किसी अन्य संस्थान, सार्वजनिक या निजी स्थान पर शराब को बेचना व परोसना प्रतिबंधित रहेगा।

चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों और राजनीतिक दलों के खर्चों पर रखी जाएगी विशेष नजर

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. मनोज कुमार ने बताया कि लोकसभा आम चुनाव-2024 के अंतर्गत चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों और राजनीतिक दलों द्वारा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित मानदंडों के भीतर किए जाने वाले खर्च पर आयकर विभाग द्वारा विशेष नजर रखी जाएगी। आयकर विभाग द्वारा एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाएगा, जो इस खर्च पर विशेष निगरानी रखेगा। जिला के प्रमुख रेलवे स्टेशनों, होटलों, फॉर्म हाउसों, हवाला एजेंटों, वित्तीय दलालों, कैश कूरियर, गिरवी दलालों और अज्ञात आवाजाही के लिए उपयोग की जाने वाली अन्य संदिग्ध एजेंसियों व व्यक्ति पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी।

सरकारी कर्मचारी चुनाव एजेंट बना तो होगी कानूनी कार्रवाई

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. मनोज कुमार ने बताया कि आदर्श आचार संहिता के दौरान कोई भी कर्मचारी जोकि सरकारी सेवाओं में कार्यरत हैं, वह किसी भी पार्टी या उम्मीदवार का चुनाव एजेंट नहीं बन सकता। यदि कोई कर्मचारी ऐसा करता पाया जाता है, तो उसके खिलाफ चुनाव आचार संहिता की उल्लंघना के तहत कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इसकी पालना करना आम जनता के साथ सरकारी सेवाओं में कार्यरत कर्मचारियों का भी कर्तव्य है। चुनाव आदर्श आचार संहिता के तहत सरकारी सेवा में कार्यरत कर्मचारी उम्मीदवार के चुनाव एजेंट, पोलिंग एजेंट या काउंटिंग एजेंट के तौर पर कार्य नहीं कर सकता है।

न्यूज डायरी

जिला निर्वाचन अधिकारी करेंगे मंगलवार को चुनाव नॉडल आफिसरों के साथ बैठक

पानीपत (जगमार्ग न्यूज)। जिला निर्वाचन कार्यालय तहसीलदार (चुनाव) सुदेश राणा ने जानकारी देते हुए बताया कि लोकसभा आम चुनाव 2024 को निष्पक्ष, स्वतंत्र व शांतिपूर्वक करने को लेकर जिला प्रशासन सभी प्रकार की तैयारियां पूर्ण कर चुका है। उन्होंने बताया कि किन-किन अधिकारियों की चुनाव में क्या जिम्मेदारी रहेगी इस पर मंगलवार को 11.30 बजे जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र कुमार दहिया सभी नोडल अधिकारियों को जिला सचिवालय के द्वितीय तल पर स्थित सभागार में बैठक कर चुनाव आयोग के दिशा निर्देशों से अवगत करायेंगे।

पानीपत की लड़कियों को जूनियर टीम ने रोहतक को 2-1 से हराया

मतलौडा (जगमार्ग न्यूज)। खंड के गांव भंडारी में लैक्रोस हरियाणा और लैक्रास एसोसिएशन ऑफ पानीपत द्वारा राज्य स्तरीय चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। राज्य स्तरीय चैंपियनशिप में 11 जिलों के लगभग 450 महिला व पुरुष खिलाड़ियों ने भाग लिया । चैंपियनशिप का शुभारंभ गांव भंडारी के सरपंच सुरेन्द्र सिंह द्वारा किया गया। चैंपियनशिप की अध्यक्षता लैक्रोस हरियाणा के प्रधान महेन्द्र सिंह व विजेंद्र पूनिया ने की। सरपंच सुरेंद्र ने कहा हमारे गांव के लिए सौभाग्य की बात है भारत देश में लैक्रोस खेल की पहली प्रतियोगिता के लिए हमारे गांव को चुना गया है। इस अवसर पर हरियाणा लैक्रोस के सचिव डॉ. राजेश टूरण, मोनी सरोहा, राजिंदर देशवाल, नरेश भोला, निरंजन शर्मा, राजपाल रेढू, परितोष, मोनू रोहतक, प्रवीन दादरी, विष्णु भिवानी, मांगे राम हुडा, पानीपत लैक्रोस संघ के सचिव सोनू मोखरिया मुख्य रूप से मौजद रहे।

दबलैन गांव क्रिकेट खेल में पहुंचे विधायक प्रतिनिधि सतीश सुरजाखेड़ा

नरवाना(जगमार्ग न्यूज)। नरवाना हल्के में गांव दबलैन में रूरल स्पोर्ट्स क्लब की ओर से आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट प्रतियोगिता में विधायक रामनिवास सुरजाखेड़ा को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया था। परंतु अधिकारिक कार्यों में व्यस्तता होने के कारण विधायक रामनिवास सुरजाखेड़ा नहीं पहुंच सके। उनके स्थान पर उनके प्रतिनिधि सतीश सुरजाखेड़ा ने पहुंचकर सभी खिलाड़ियों को बधाई दी। कार्यक्रम के आयोजन समिति के पदाधिकारियों विवेक मास्टर व विशाल मोर ने विधायक रामनिवास का आभार जताते हुए कहा कि समाजिक कार्यों में विधायक का हर प्रकार से सहयोग किया जाना सराहनीय है। इसी के साथ सतीश ने कहा ऐसे कार्यक्रम हमें भाईचारे और एकता की शक्ति का संदेश देते हैं।

बाबा खाटू श्याम के दर्शन मात्र से होती है पुण्य की प्राप्ति : राजीव जैन

सोनीपत(जगमार्ग न्यूज)। मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने कहा श्री खाटू श्याम के दर्शन मात्र से होती है पुण्य की प्राप्ति और जो भी श्रद्धालु बाबा के दरबार में निर्मल मन से माथा टेकता है उनकी मनोकामनाएं पूर्ण होती है। हमारे अंदर भी भगवान के प्रति निस्वार्थ श्रद्धा होनी चाहिए। राजीव जैन बाबा धाम मंदिर, शंभू दयाल स्कूल, ओल्ड डीसी रोड, आर्य नगर, गीता भवन मंदिर के प्रांगण से शुरू हुई निशान यात्रा तथा खाटू श्याम भजन संध्या में आयोजित कार्यक्रम में शिरकत कर रहे थे। उन्होंने कहा की जिस तरह से खाटू नरेश ने भगवान श्रीकृष्ण जी के आदेश पर बिना कोई सवाल खड़ा किये अपना शीश दान कर दिया था उसी तरह का समर्पण हमारे अंदर भी पैदा होना चाहिए तभी प्रभु की प्राप्ति होगी। गुरु सरोज माता आश्रम मे आयोजित जागरण में दीप प्रज्वलन के बाद उन्होंने कहा की गुरु ही हमें भक्ति मार्ग पर ले जाकर प्रभु से मिलाते हैं, उन्होंने कहा की सरोज माता के सानिध्य मे गऊ संरक्षण का कार्य हो रहा है।

नन्हे मुन्ने बच्चों ने आकर्षक प्रस्तुतियों से मन मोहा

सोनीपत(जगमार्ग न्यूज)। एटलस रोड पर एक निजी होटल में आयोजित माइलस्टोन जूनियर्स प्रिप्रेटरी स्कूल के नन्हे मुन्ने बच्चों ने अपनी प्रस्तुतियों से सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री कविता जैन, मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन एवं पार्षद इंदु वलेचा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। माइलस्टोन जूनियर्स प्रिप्रेटरी स्कूल के वार्षिकोत्सव के अवसर पर कविता जैन ने कहा कि बच्चों की नींव मजबूत करने के लिए प्रिप्रेटरी स्कूलों का महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने कहा कि जीवन में लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए मेहनत, अनुशासन, लगन और समर्पण बेहद जरूरी है। बेबी शो में स्कूल के सभी बच्चों ने ग्रुप डांस, सोलो डांस आदि रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। विशिष्ट अतिथि राजीव जैन ने बच्चों को प्रतीक चिह्न एवं सर्टिफिकेट देकर आशीर्वाद दिया। स्कूल संचालक अमित जैन ने बताया कि बेबी शो में बच्चों ने फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में भाग लिया जिसमें 3 महीने की बच्ची कायरा आकर्षण का केंद्र रही। कार्यक्रम में स्कूल के स्टाफ से आरती, लक्ष्मी, पूजा तनेजा, भावना, मोनिका, शकुंतला, कोमल, अरुण गोस्वामी और योगेश दहिया इत्यादि शामिल रहे।

छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशा मुक्ति की फैलाई जागरूकता

नरवाना(जगमार्ग न्यूज)। सनातन धर्म महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा चल रहे सात दिवसीय शिविर का सोमवार को दूसरा दिन है। इस दिन की शुरुआत में सभी स्वयंसेविकाएं गांव गुरुसर में छात्राओं ने मिलकर स्वच्छता अभियान पर काम किया। गांव के अलग-अलग इलाकों में सभी ने मिलकर सफाई कर श्रमदान किया और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशा मुक्ति पर जागरूकता फैलाई। छात्राओं से प्रेरित होकर गांव की महिलाओं ने भी श्रमदान में सहयोग दिया। दोपहर बाद चौधरी रणबीर सिंह यूनिवर्सिटी के एनएसएस कोऑर्डिनेटर डा. जितेंद्र कुमार ने शिरकत की। इसके पश्चात डॉ जितेंद्र ने स्वयं सेविकाओं के कर्तव्य व जीवन दर्शन, चारित्रिक रूप से उच्च बनने के लिए उदाहरण देकर प्रस्तुत किया। शाम के सत्र में महिला सशक्तिकरण विषय पर कविता पाठ प्रतियोगिता हुई। इस मौके पर डां. शालू सचदेवा, मधु शर्मा व स्वाति वर्मा व कार्यकारी प्राचार्या डॉ. अनिता ने सभी को आगे बड़ते रहने का आह्वान किया।

पीआरपीसी ने 4 गांवों के सरपंचों को दिए ट्रैक्टर एवं ट्रॉली

मतलौडा(जगमार्ग न्यूज)। पानीपत रिफाइनरी एवं पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स द्वारा रिफाइनरी के मेन गेट के पास एक समारोह का आयोजन किया। समारोह में चार गांवों के सरपंचों को एसडीएम मंदीप कुमार पानीपत द्वारा ददलाना ,बोहली ,सिठाना व बाल जट्टान को चार ट्रैक्टर व

ट्रॉली का वितरण किया गया। कार्यकारी निदेशक एवं रिफाइनरी प्रमुख एम एल डहरिया द्वारा झंडी दिखाकर रवाना किया। एसडीएम मंदीप कुमार ने इंडियन ऑयल व पीआरपीसी द्वारा आसपास के गांवों की तथा पानीपत शहर के विकास एवं जनकल्याण के लिए किए कार्यों की सराहना करते हुए भविष्य में भी इस तरह से गांवों के चहुंमुखी विकास के लिए भी कार्य करते रहने की आशा व्यक्त की। डहरिया ने एसडीएम मंदीप कुमार को विश्वास दिलवाया कि इंडियन ऑयल की पीआरपीसी आसपास के गांवों के सम्पूर्ण विकास व पर्यावरण को स्वच्छ बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

बड़े भाई ने पत्नी के साथ मिलकर छोटे भाई व उसकी पत्नी के साथ की मारपीट

मतलौडा(जगमार्ग न्यूज)। खंड के गांव अदियाना में बड़े भाई ने पत्नी के साथ मिलकर छोटे भाई व उसकी पत्नी के साथ मारपीट की। जमना वासी अदियाना ने मतलौडा पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी पति खेत में गया हुआ था। वह घर पर अकेली थी।उसके जेठ कृष्ण व जेठानी पिंकी ने उसके साथ मारपीट करने लगे तभी उसकी पति खेत से घर आ गया। उन दोनों ने एक अन्य व्यक्ति के साथ उसके पति के साथ भी मारपीट की।शोर सुनकर पड़ोस के लोगों को आता देख आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

दो दिवसीय राज्य स्तरीय लैक्रोस चैम्पियनशिप संपन्न

मतलौडा (जगमार्ग न्यूज)। गांव भंडारी मे चल रही दो दिवसीय लैक्रोस राज्य स्तरीय चैंपियनशिप का सोमवार को समापन किया गया। राज्य स्तरीय चैंपियनशिप के समापन समारोह के अवसर पर एथलेटिक फेडरेशन ऑफ इंडिया के ज्वाइंट सेक्रेटरी व हरियाणा एथलेटिक्स के पूर्व सेक्रेटरी राजकुमार मिटान मुख्य अतिथि व